1	2	3	4
13.	मेघालय	1	0
14.	नागालैण्ड	1	0
15.	उड़ीसा	15	5
16.	पंजाब	261	14
17.	राजस्थान	298	28
18.	तमिलनाडु	113	41
19.	त्रिपुरा	0	—
20.	उत्तर प्रदेश	610	38
21.	प. बंगाल	74	10
22.	सिक्किम	1	1
23.	अंडमान निकोबार	1	3
24.	अरुणाचल प्रदेश	0	—
25	चंडीगढ़	2	—
26.	दादर एवं नागर हवेली	11	—
27.	दिल्ली	42	2
28.	दमण और दीव	7	1
29.	एल.एम.ए.ए. द्वीप	0	4
30.	मिजोरम	0	—
31.	पाण्डिचेरी	12	2
32.	गोवा	7	17
33	सही स्थान का उल्लेख नहीं किया गया/ प्रस्तावित यूनिट एक से अधिक राज्य में है	—	42
	कुल योग :	3101	587

दूध प्रसंस्करण करने की क्षमता

7985. **श्री राम जेठमलानी :**

श्री मती सुषमा स्वराज :

क्या **खाद्य प्रसंस्करण** उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में दूध उत्पादन और इसी निर्मित उत्पादों के विस्तार एवं विकास की पर्याप्त क्षमता है ;

(ख) क्या पिछले कुछ वर्षों के दौरान सरकार द्वारा अपनाई गई उदार नीति के कारण इस औद्योगिक क्षेत्र में बड़ी एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रवेश का मार्ग प्रशस्त हो गया है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस समय देश में दूध उत्पादन से संबंधित प्रमुख कार्य देश के ग्रामीण अंचलों में छोटे-छोटे स्तरों पर किया जाता है ;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार ने दूध उत्पादन करने वाली इन छोटी इकाइयों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए कोई अतिरिक्त प्रबंध किया है ; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री तरुण गोगोई) : (क) लैक्टोस, केसिन, वे पाउडर, पनीर, डेरी वाइटनर, मक्खन आदि जैसे मूल्यवर्धित उत्पादों की क्षमता बढ़ाने की पर्याप्त गुंजाइश है ।

(ख) बहुराष्ट्रीय कंपनियों को दूध से बनने वाली वस्तुएं बनाने की अनुमति है ।

(ग) जी हां ।

(घ) और (ङ) "आपरेशन फ्लड" के तहत गांव की डेरी सहकारिताओं को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है । इनके सदस्य ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे व्यक्ति होते हैं जिनके पास दुधारू पशु होते है । वर्ष 1991-92, 1992-93, 1993-94 और 1994-95 के दौरान (अनंतिम) आपरेशन फ्लड III कार्यक्रम के तहत राज्यों को क्रमशः 6,263.05 लाख रु0, 11,285.72 लाख रु0, 23,093.36 लाख रु0 और 15,762.78 लाख रु0 की कुल धनराशि जारी की गई है ।

शिशु आहार के उत्पादन के लिए दुग्ध-संयंत्र

7986. श्री अजीत जोगी :

श्री मूलचन्द मीणा :

क्या **खाद्य प्रसंस्करण** उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने गत पांच वर्षों के दौरान शिशु-आहार का उत्पादन करने के लिए दुग्ध संयंत्रों की स्थापना की है ;

(ख) यदि हां तो ऐसा प्रत्येक संयंत्र कहां-कहां स्थित है तथा प्रत्येक की उत्पादन क्षमता कितनी है ; और

(ग) इन संयंत्रों में कितने कर्मचारी कार्यरत है ?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री तरुण गोगोई) : (क) केन्द्रीय सरकार खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्वयं स्थापना नहीं करती है ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

Installed capacity of fruit and vegetable processing industries in Gujarat

7987. SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE: Will the Minister of FOOD PROCESSING INDUSTRIES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the installed capacity of fruit and vegetable processing industries in all the States has increased considerably in the recent past;

(b) if so, the details thereof; and

(c) what is the position of Gujarat in this regard?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES (SHRI TARUN GOGOI): (a) to (c) Installed capacity of fruit and vegetable processing industries has increased in all the States, including Gujarat, in comparision to the previous year, except in Haryana and Pondicherry.

Production of baby foods

7988. SHRI GUNDAPPA KORWAR: Will the Minister of FOOD PROCESSING INDUSTRIES be pleased to state:

(a) the total production of baby foods during the last three years, State-wise; and

(b) the share of major producers in the total production, including cooperative dairies?